# बोरिस जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी को ऐतिहासिक सफलता

**ब्रिटेन चुनाव**

कंजर्वेटिव पार्टी ने बहुमत के जादुई आंकड़े 326 को पार किया, 1987 के बाद सबसे बड़ी जीत

- मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी को झेलनी पड़ी करारी शिकस्त
- जेरेमी कॉर्बिन ने स्वीकार की हार, इस्तीफे का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी ने शानदार जीत हासिल करते हुए बहुमत के जादुई आंकड़े 326 को पार कर लिया है। 1980 के दशक में मार्ग्रेट थैचर के दौर के बाद कंजर्वेटिव पार्टी की यह सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है। हाउस ऑफ कॉमन्स की कुल 650 में से 649 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इनमें से बोरिस जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी को 364 सीटों पर जीत मिल चुकी है जबकि लेबर पार्टी के खाते में 203 सीटें आई हैं।

मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन ने अपनी हार स्वीकारते हुए ऐलान किया है कि वह अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व नहीं करेंगे। लेबर पार्टी 1935 के बाद अबतक की सबसे बुरी हार की तरफ बढ़ रही है। दूसरी तरफ, कंजर्वेटिव पार्टी 1987 के बाद अपनी सबसे बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही है। 2017 के पिछले चुनाव में कंजर्वेटिव को 318 सीटों पर जीत मिली थी जबकि लेबर पार्टी को 262 सीटें मिली थीं।



**ट्रंप बोले- अब ब्रिटेन के साथ करेंगे बड़ा व्यापार समझौताः** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी जॉनसन को जीत की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया, बोरिस जॉनसन को इस शानदार जीत के लिए बधाई! ब्रिटेन और अमेरिका अब ब्रेग्जिट के बाद बड़े व्यापार समझौते को करने के लिए आजाद हैं।

यह डील बहुत महत्वपूर्ण और बड़ी होगी जो ईयू के साथ हुई किसी भी डील से ज्यादा आकर्षक होगी। जश्न मनाइए बोरिस!

**पीएम मोदी ने दी जॉनसन को बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बोरिस जॉनसन को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया, पीएम बोरिस जॉनसन को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटने के लिए बहुत–बहुत बधाई। मेरी उनको शुभकामनाएं। मैं भारत–ब्रिटेन के करीबी रिश्तों के लिए साथ में मिलकर काम करने की कामना करता हूं।

**ब्रेग्जिट की राह होगी आसान**

चुनाव नतीजों ने न सिर्फ बोरिस जॉनसन के फिर सत्ता में आने को तय किया है बल्कि यूरोपीय यूनियन से ब्रिटेन के अलग होने यानी ब्रेग्जिट की राह को आसान कर दिया है। जॉनसन के पिछले मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री रही भारतीय मूल की प्रीति पटेल ने कहा, हम प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और ब्रेग्जिट हमारी प्राथमिकता है। समझौता तैयार है और हम आगे बढ़ना चाहते हैं।

**एक सदी बाद जाड़े में हुए आम चुनावः** गौरतलब है कि जॉनसन ने कंजर्वेटिव पार्टी को बहुमत दिलाने और ब्रेग्जिट को लेकर हाउस ऑफ कॉमन्स में गतिरोध तोड़ने की कवायद के तहत मध्यावधि चुनाव की घोषणा की थी।

करीब एक सदी बाद ब्रिटेन में विंटर में इलेक्शन हुए हैं। दिसंबर में हुए चुनाव में वोटरों ने गुरुवार को ठिठुरती ठंड में घरों से बाहर निकलकर वोट डाला।

## न्यूज डायरी



### न्यू जीलैंड सेना ने खतरे के बीच ज्वालामुखी वाली जगह से 6 शवों को बाहर निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉकाटेन (न्यू जीलैंड)। न्यू जीलैंड की सेना ने वाइट आइलैंड द्वीप पर संवेदनशील ज्वालामुखी के पास से शुक्रवार को 6 शव निकाले। यह अभियान ऐसे वक्त में चलाया गया जब वहां किसी भी वक्त फिर से ज्वालामुखी विस्फोट हो सकता है। इस अभियान में सेना के 2 हेलिकॉप्टरों की मदद ली गई जो वॉकाटेन हवाईअड्डे से रवाना होकर घटनास्थल पर उतरे जहां पिछले सोमवार को ज्वालामुखी फटने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक दल को इस द्वीप के सबसे संवेदनशील क्षेत्र में 8 लोगों के शव लाने के लिए भेजा गया जो ज्वालामुखी के नजदीक पड़े थे। 5 घंटे से अधिक वक्त के बाद पुलिस ने बताया कि वे 6 शवों को सफलतापूर्वक ला पाए हैं। इस घटना में मारे गए कई पर्यटक ऑस्ट्रेलिया के थे।

### सड़क किनारे बमबारी में 10 नागरिकों की मौतः अफगानी अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल मध्य अफगानिस्तान में शुक्रवार को सड़क किनारे हुई बमबारी में चार महिलाओं और एक बच्चा समेत 10 नागरिकों की मौत हो गई। एक अफगान अधिकारी ने यह जानकारी दी। गृहमंत्रालय की प्रवक्ता मरवा अमीनी के अनुसार गजनी प्रांत के जगतो जिले में हुए इस विस्फोट में छह आम नागरिक घायल हो गए। सभी लोग दाय कुण्डी प्रांत से गजनी तक जाने वाले एक वाहन में सवार थे तभी उनके वाहन को निशाना बनाया गया । अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन अमिनी ने इस हमले के लिए इस क्षेत्र पर नियंत्रण रखने वाले आतंकी समूह तालिबान को दोषी ठहराया है। अफगानिस्तान के लगभग आधे हिस्से पर तालिबान का नियंत्रण है। तालिबान अक्सर अफगान बलों और काबुल के सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाते हुए हमले करते हैं जिसमें हमेशा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत की खबरें आती रहती हैं।

### गुवाहाटी में विरोध प्रदर्शन के कारण भारत–जापान शिखर वार्ता स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। नए नागरिकता कानून को लेकर असम में भारी विरोध प्रदर्शन के कारण 15–17 दिसंबर को गुवाहाटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के उनके समकक्ष शिंजो आबे के बीच होने वाली शिखर बैठक को स्थगित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि भारत और जापान दोनों ने आगे किसी अनुकूल तारीख तक शिखर बैठक के लिए आबे के दौरे को टालने का फैसला किया है। शिखर सम्मेलन को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा, ''जापान के प्रधानमंत्री आबे की भारत यात्रा के संदर्भ में दोनों देशों ने निकट भविष्य में किसी उपयुक्त तारीख तक दौरा टालने का फैसला किया है।'' नए संशोधित कानून को लेकर असम में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस कानून के जरिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में यातना के शिकार हुए गैर मुस्लिमों को नागरिकता प्रदान की जानी है। उन्होंने बताया कि बैठक अगले साल होने की संभावना है।

### ब्रिटेन चुनाव में भारतीय मूल के कई उम्मीदवारों ने बजाया जीत का डंका

लंदन। ब्रिटेन के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी ने शानदार जीत हासिल करते हुए बहुमत हासिल कर लिया है। दूसरी तरफ, भारतीय मूल के कई उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है। कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी दोनों से करीब एक दर्जन भारतीय मूल के सांसदों ने अपनी सीट बरकरार रखी है, जबकि कुछ नए चेहरों ने भी जीत हासिल की है। पिछली संसद के सदस्य रहे सभी भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने इस बार भी अपनी–अपनी सीटों पर जीत हासिल की है। पहली बार जीत हासिल करने वाले भारतीय मूल के उम्मीदवारों में कंजर्वेटिव पार्टी के गगन मोहिंद्रा और क्लेयर कोर्टिन्हो और लेबर पार्टी से नवेंद्रु मिश्रा शामिल हैं।

## पाकिस्तान में 10 साल तक के 75 फीसदी बच्चे ठीक से पढ़ नहीं सकते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 10 साल तक की उम्र के 75 फीसदी बच्चे श्लर्निंग पॉवर्टीश के शिकार हैं। इसका अर्थ यह है कि यह बच्चे एक पैरा भी न ठीक से पढ़ सकते हैं, न लिख सकते हैं और न ही समझ सकते हैं। पाकिस्तानी शिक्षा की दुर्दशा का यह खुलासा विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस्लामाबाद स्थित कायदे आजम यूनिवर्सिटी में लड़कियों की शिक्षा और उन्हें सशक्त बनाने से संबंधित एक कार्यक्रम में विश्व बैंक डॉयरेक्टर (शिक्षा) जेमे सावेद्रा ने यह रिपोर्ट जारी की।

इसमें बताया गया कि पाकिस्तान में 10 साल तक के 75 फीसदी बच्चे न ठीक से पढ़ सकते हैं और न लिख सकते हैं और न ही किसी लिखे हुई बात को ठीक से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में 10 साल तक के 58 फीसदी बच्चे लर्निंग पॉवर्टी के शिकार हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान में 27.3 फीसदी बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने स्कूल का मुंह नहीं देखा है। इनमें 55 फीसदी यानी करीब दो करोड़ 25 लाख लड़कियां शामिल हैं।

कार्यक्रम में मौजूद पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री शफकत महमूद ने कहा कि लर्निंग पॉवर्टी उनके लिए भी एक नया शब्द है लेकिन उन्होंने माना कि यह ध्यान दिए जाने वाली बात है।



## ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के आरोपों पर मतदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के आरोपों पर डेमोक्रेट्स शुक्रवार को मतदान करेंगे। ट्रंप द्वारा यूक्रेन से राजनीतिक समर्थन लेने के कथित गलत व्यवहार को लेकर रिपब्लिकन के साथ 14 घंटे की लंबी बहस के बाद यह मतदान होना है। सदन की न्यायिक समिति की गुरुवार रात चल रही सुनवाई अचानक रोकते हुए अध्यक्ष जेरी नाडलर ने महाभियोग के दो अनुच्छेदों पर अंतिम मतदान टाल दिए। उन्होंने कहा कि वह अमेरिकी नेता के खिलाफ पेश किए गए सबूतों पर अपनी श्जमीर टटोलनेश के लिए समिति के सदस्यों को वक्त देना चाहते हैं।

# दुनिया में हर बड़े आतंकी हमले के तार पाकिस्तान से जुड़ते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू–कश्मीर का मसला उठाने और हालिया नागरिक संशोधन कानून का जिक्र करने पर भारत ने तगड़ा पलटवार किया है। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए भारत ने कहा कि दुनिया में किसी भी बड़े आतंकी हमले का तार उससे जुड़ता है जहां बेगुनाहों की जान लेने के लिए आतंकियों को ट्रेनिंग और सुरक्षित पनाहगाह मिलती है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान से पैदा हो रहा आतंकवाद वैश्विक शांति को अस्थिर कर रहा है।

**पाकिस्तानी दुष्प्रचार को लेकर दुनिया को किया आगाहः** संयुक्त राष्ट्र में भारत के परमानेंट मिशन में फर्स्ट सेक्रटरी पालोमी त्रिपाठी ने गुरुवार को महासभा में शांति की संस्कृति पर बहस के दौरान कहा, सहयोग की भावना ही शांति की संस्कृति का सार है। इस अजेंडा का दुरुपयोग और राजनीतिक दुष्प्रचार के लिए इसके महत्व को कम नहीं किया जाना चाहिए। हमें तब और सावधानी की जरूरत है जब लोमड़ी मुर्गियों के दरबे का पहरेदार हो।

**यूएन में भारत का पाकिस्तान पर हमला**

**पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने उठाए थे भारत के आंतरिक मुद्देः** त्रिपाठी पाकिस्तान के प्रतिनिधि मुनीर अकरम के उस बयान पर जवाब दे रही थीं, जिसमें अकरम ने जम्मू और कश्मीर, आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी किए जाने, नागरिकता संशोधन विधेयक, एनआरसी और अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले संबंधी भारत के आंतरिक मसलों को उठाया था।

**राजनीतिक फायदे के लिए झूठा नैरेटिव सेट करने की कोशिश में पाकः** त्रिपाठी ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए उस पर राजनीतिक फायदे के लिए झूठा नैरेटिव सेट करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने पड़ोसी देश पर तीखा पलटवार करते हुए कहा, असल में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की हर बड़ी घटना के तार इस देश से जुड़ते हैं।

### अमेरिका की पाक को फटकार- आतंक के खिलाफ प्रयोग के लिए एफ-16

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने पाकिस्तान द्वारा एफ–16 फाइटर जेट के दुरुपयोग को लेकर पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान को खास तौर पर सख्त अंदाज में निर्देश दिया गया कि एफ–16 लड़ाकू विमानों का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता है। इन विमानों का प्रयोग सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ होनेवाले ऑपरेशन में हो सकता है। इन्हें किसी दूसरे देश के खिलाफ अभियान में प्रयोग नहीं किया जा सकता। अमेरिका के हथियार नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रमुख एंड्रिया थॉमसन ने इस मामले में पाकिस्तान के वायुसेना को भी पत्र लिखा था। पाकिस्तान की सैन्य जरूरतों को लेकर अमेरिका पर निर्भरता बहुत अधिक है। पाकिस्तानी वायुसेना को यह पत्र अगस्त महीने में लिखा गया था, लेकिन चर्चा में अब आया है। 26 फरवरी को इसी साल पाकिस्तान और भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों की भिड़ंत हुई थी। यह भिड़ंत बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद की गई थी।